देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर–452001

क्रमांक:–डी.सी.डी.सी. / आ.का.अ.महो.कार्यक्रम / 2024 / 413 दिनांक 2 FEB 2024

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त शासकीय / अशासकीय महाविद्यालय,
जिला इन्दौर / बड़वानी / खरगोन / झाबुआ / अलीराजपुर / धार / खण्डवा /
बुरहानपुर।

विषय :– ''जनजातीय अध्ययन एवं विकास केन्द्र का उद्घाटन एवं एक दिवसीय संगोष्ठी'' में सहभागिता के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत एवं विषय के संबंध में लेख्य है कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में भारत की आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर **''स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान''** विषय पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारम्भ दिनांक 10 अक्टुबर 2022 को किया गया था। कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में विश्वविद्यालय से संबंधित 45 महाविद्यालयों में उक्त विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर प्रेरणादायक प्रदर्शनीय के अलावा देश एवं प्रदेश के प्रबुद्ध वक्ताओं द्वारा भारत के जनजातीय समुदायों द्वारा देश के स्वतत्रता संग्राम में योगदान की गौरवशाली गाथाएं विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के समक्ष प्रस्तुत की गई।

इसी तारतम्य में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर द्वारा **''जनजातीय अध्ययन एवं विकास केन्द्र का उद्घाटन एवं एक दिवसीय संगोष्ठी''** का आयोजन दिनांक 16 / 02 / 2024 को प्रात: 10:30 बजे विश्वविद्यालय के मुख्य सभागृह तक्षशिला परिसर खण्डवा रोड, इन्दौर में आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता महामहिम कुलाधिपति मंगु भाई पटेल जी करेंगे। कार्यक्रम में समस्त संबंधित महाविद्यालयों में आयोजित किये गये सफल कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण एवं जनजातीय अध्ययन एवं विकास केन्द्र का उद्घाटन किया जाना है। उक्त संगोष्ठी में जनजातीय शिक्षक एवं जिन विद्यार्थियों की संबंधित क्षेत्र में शोध करने की रुचि हो उनकी सहभागिता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करावे।

अत: समस्त शासकीय / अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य से अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय में कार्यरत संबंधित समुदाय के शिक्षकगण एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार
कुलसचिव

पृ.क्र.:–डी.सी.डी.सी. / आ.का अ.महो.कार्यक्रम / 2024 / 413 दिनांक : 2 FEB 2024

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपतिजी / कुलसचिवजी के सचिव की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद्, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर की आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा इन्दौर संभाग, मोती तबेला, इन्दौर की ओर सूचनार्थ।
4. डॉ. सखाराम मुजाल्दे, नोडल अधिकारी, कार्यक्रम संयोजक, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर की ओर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु।
5. डॉ. चन्दन गुप्ता, प्रभारी मुख्य सभागृह, ईएमआरसी, दे.अ.वि.वि. इन्दौर।

निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद्